# कार्यालय वन मण्डलाधिकारी कांकेर वन मण्डल कांकेर

*Phone – 07868-222006 (O), 222173 (Fax), 222171 (Fax), E-mail:dfoknk@rediffmail.com*

क्रमांक/मा.चि./2019/ 6776 कांकेर, दिनांक 23/**09/2019**

प्रति,

**प्राधिकृत अधिकारी**
**टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड**
**रायपुर (छत्तीसगढ़)**

विषय – भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना "भारतनेट प्रोजेक्ट (APart of Digital India)" के सफल क्रियान्वयन हेतु कांकेर जिला के कांकेर वन मण्डल अन्तर्गत चारामा तथा नरहरपुर ब्लॉक के अन्तर्गत शामिल ग्राम पंचायत के मार्ग समानांतर रकबा 4.530 हें. वन भूमि पर ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने विषयक वन भूमि के गैरवानिकी प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन प्रस्ताव हेतु डी.जी.पी.एस./लेडार सर्वे रिपोर्ट के सत्यापन बाबत्।

संदर्भ – आपका कार्यालयीन पत्र क्रमांक/05 दिनांक 12.09.2019।

–00–

विषयान्तर्गत प्रतिवेदन है कि, भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना "भारतनेट प्रोजेक्ट (APart of Digital India)" के सफल क्रियान्वयन हेतु कांकेर जिला के कांकेर वन मण्डल अन्तर्गत आने वाले परिक्षेत्र चारामा/नरहरपुर/कांकेर/सरोना के वन कक्षों में ऑप्टिकल फायबर केबल लाईन बिछाने हेतु प्रस्तावित क्षेत्रों का निरीक्षण मेरे द्वारा किया गया। निरीक्षण उपरान्त डी.जी.पी.एस./लेडार सर्वे रिपोर्ट अनुमोदन पश्चात् आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

विदित हो कि, प्रस्तावित क्षेत्र का डी.जी.पी.एस./लेडार सर्वे रिपोर्ट से प्राप्त गणना के अनुसार मांग की गई भूमि के पंजीयन हेतु अधोहस्ताक्षरी के नाम से पंजीयन शुल्क की राशि 6000/– एवं प्रोसेसिंग शुल्क की राशि 18000/– रू. की पृथक–पृथक बैक ड्राफ्ट तैयार कर इस कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए वन संरक्षण अधिनियम 1980 अन्तर्गत गैर वानिकी कार्य के लिए शासन द्वारा तैयार की गई डाटा बेस (Online Monitoring of Forest Clearances) के वेबसाईट http://www.moef.gov.in में नए यूजर आई डी एवं पासवर्ड जनरेटर कर यूजर एजेंसी द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र को आनलाईन अपलोड करनी होगी। अपलोड पश्चात् प्रकरण में आनलाईन पंजीयन क्रमांक आबंटित हो जायेगी।

तत्पश्चात् वन भूमि में गैर वानिकी कार्य किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्धारित नवीनतम चेक लिस्ट की समस्त कण्डिकाओं की पूर्ति किया कर प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी।

प्रतिवेदन सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्न – डी.जी.पी.एस./लीडार सर्वे रिपोर्ट का सत्यापित 02 प्रति मूलतः।

वन मण्डलाधिकारी
कांकेर वन मण्डल कांकेर

पृ.क्रमांक/मा.चि./2019/ 6555 कांकेर, दिनांक 23/09/2019

प्रतिलिपि –

01. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध/व.सं.अ.) अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, केपिटल कॉम्पलेक्स, अटल नगर रायपुर छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ सम्प्रेषित।

02. मुख्य वन संरक्षक, कांकेर वृत्त कांकेर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

वन मण्डलाधिकारी
कांकेर वन मण्डल कांकेर